(घ) और (ङ). राज्य की योजनागत स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए दी गई केन्द्रीय वित्त सहायता के अलावा, कोई विशेष वित्तीय सहायता इन परियोजनाओं को दिए जाने संबंधी कोई अलग प्रस्ताव इस समय नहीं है ।

दिल्ली उपग्रह टेलीविजन केन्द्र का स्थायी रूप से कार्य करना

4741. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दिल्ली उपग्रह टेलीविजन केन्द्र को स्थाई रूप से चलाने के प्रबन्ध न किय जाने के क्या कारण हैं जबकि इसे केन्द्रीय स्तर पर चलाना महत्वपूर्ण और अनिवार्य है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : बेस प्रोडक्शन सेंटर, दिल्ली की स्थापना 'साइट' प्रयोग, जो 31 जलाई, 1976 को समाप्त हुआ था, के दौरान सर्वथा अस्थायी ढांचे के रूप में की गई थी । बाद में सरकार ने 'साइट' द्वारा कवर किए जाने वाले क्षेत्रों में स्थलीय आधार पर सेवा प्रदान करने का निर्णय बेस प्रोडक्शन सन्टर, दिल्ली को जयपुर तथा रायपुर के प्रेषण केन्द्रों के लिए ढाई-ढाई घंटे की अवधि के कार्यक्रम उपलब्ध करने होते हैं । इसके अलावा इसको मुजफ्फरपुर प्रेषण केन्द्र, जो शीघ्र ही चालू होने वाला है, के लिए भी इतनी ही अवधि के कार्यक्रम उपलब्ध करने हैं । प्रतिदिन इतनी मात्रा में लगभग 7 1/2 घंटे कार्यक्रम तैयार करना एकल स्टूडियों के लिए संभव नहीं है ।

यह और सिद्ध हो गया है कि यदि कार्यक्रमों में क्षेत्रीय पुट दी जानी हो तो यह आवश्यक है कि प्रेषण केन्द्र तथा बेस प्रोडक्शन सेंटर एक ही स्थान पर हों । 'साइट' उत्तरवर्ती क्षेत्रों में निर्माण केन्द्र और प्रेषण केन्द्र को एक ही स्थान पर करने का प्रश्न पहले ही विचाराधीन है ।

Setting up of a Paper Factory in Balaghat, Madhya Pradesh

4742. SHRI KACHRU LAL HEMRAJ JAIN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that bamboo is available in Balaghat District of Madhya Pradesh in plenty and paper factory can be very easily set up there;

(b) whether Government have been thinking or any representation has been made to Government to set up paper mill in Balaghat district of MP keeping in view the availability of raw material there; and

(c) the decision taken by Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (KUMARI ABHA MAITI): (a) It is known that the Balaghat area of Madhya Pradesh is richly endowed with bamboo resources which can be utilised for the manufacture of paper and paper board.

(b) Applications have been received for setting up industrial undertakings for the manufacture of paper in Balaghat district.

(c) A letter of intent has been issued for setting up an undertaking with a capacity of 45,000 tonnes per annum in district Balaghat for the manufacture of different varieties of paper. Further licensing would take into account the availability of sufficient raw materials also keeping in view the requirement of the existing mills in Madhya Pradesh.

हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति के लिए परीक्षा

4743. **श्री रामजीवन सिंह :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने 1969 में परीक्षा ली थी ;

(ख) यदि हां, तो उसका परीक्षाफल अभी तक घोषित नहीं किया गया ;